# आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक 13 सितम्बर को

**रायगढ़.** कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति (डीएलआरएसी) की बैठक 13 सितम्बर को अपरान्ह 3.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डीएलसीसी बैठक के साथ आहूत की गई है।

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षण हेतु काऊसिलिंग

**रायगढ़.** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के युवाओं के लिए विभिन्न व्यवसायों में कौशल विकास हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के अवसर की संभावनाओं को बढ़ाने हेतु जिला रोजगार कार्यालय रायगढ़ में प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर बजे तक काउसलिंग कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना में रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा फिटर, इलेक्ट्रिकल, ए.सी.रिपेयर, सेल्समेन, कस्टमर केयर, होटल मैनेजमेंट आदि व्यवसायों में 2 से 4 महीनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है जिसके आधार पर युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त हो रहे है। इच्छुक युवक सोमवार 11 सितम्बर एवं 12 सितंबर को रोजगार कार्यालय रायगढ़ में आकर जानकारी एवं प्रवेश पा सकते है।

# कलेक्टर ने दिया साइकिलिस्ट आकाश को रेसिंग सायकल का उपहार



**रायगढ़.** कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज यहां कलेक्टोरेट में साइकिलिस्ट आकाश जायसवाल की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें रेसिंग सायकिल का उपहार दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने आकाश को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उल्लेखनीय है कि खिलाड़ी श्री आकाश जायसवाल 9 वीं कक्षा में अध्ययनरत है तथा अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिस्ट बनने की चाह रखते है और देश के लिए पदक लाना चाहते है। उन्होंने बताया कि वे चाम्पा में आयोजित इंटर स्कूल स्टेट साइकिल चैम्पियनशिप, पूना में आयोजित माउण्टेन बाईक प्रतियोगिता एवं कर्नाटक में आयोजित रोड नेशनल साइकिलिंग चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्री प्रमोद बैस, उन्नायक सेवा समिति के अध्यक्ष श्री सिद्धांत शंकर मोहंती, कोच श्री संवित मोहंती, हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड गारे पेलमा कोल माइंस के एच.आर.हेड श्री विवेकानंद मिश्रा एवं हिण्डालको छत्तीसगढ़ के बिजनेस हेड श्री विवेक मिश्रा उपस्थित थे।

# सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में एक गांव में छिपे आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में 1 आतंकी को मार गिरायाा गया है। गांव में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद राष्ट्रीय राइफल्स और राज्य पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप ने रेबन गांव को चारों ओर से घेर लिया। इसके बाद आतंकियों की तरफ से गोलीबारी के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। ऑपरेशन अभी चल रहा है और अन्य आतंकियों की तलाश जारी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'खुद को चारों ओर से घिरा देख आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।' प्रशासन ने सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद कर दिया है। क्षेत्र में किसी भी तरह के दुष्प्रचार को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।




# डेंगू से संबंधित जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग से करें संपर्क

**रायगढ़.** कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.एस. उरांव के मार्गदर्शन में डेंगू कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के समस्त प्राईवेट संस्थानों एवं शासकीय सस्थानों को अवगत कराया गया कि संदेहास्पद मरीजों का जांच सैम्पल लिया जावे और तत्काल इसकी जानकारी एवं सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी को सूचित करे। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी कुलवेदी ने बताया कि वर्तमान में रायगढ़ जिले के शासकीय एवं प्राईवेट संस्थानों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर 36 संदेहास्पद डेंगू बुखार के मरीजों की जानकारी प्राप्त हुई है। जिसमें से 27 संदेहास्पद मरीजों का सीरम सैम्पल एकत्र करके मेडिकल कॉलेज हास्पिटल, रायपुर भेजा गया था।

जहां से 13 मरीजों का डेंगू फीवर की पुष्टि हुई है और सभी मरीज बुखार से मुक्त होकर स्वस्थ हो गये है। वर्तमान में आज तक की जानकारी के अनुसार विभिन्न प्राईवेट संस्थानों में 8-10 मरीज वायरल फीवर से पीडित है जिनका उपचार किया जा रहा है एवं कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से पीडित नहीं हैं। स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर डॉ.एच.एस. उरॉव ने बताया कि प्रतिदिन प्राईवेट संस्थानों से रिपोर्ट मंगाई जाती है और नगर निगम के अधिकारी से चर्चा करके प्रतिदिन साफ सफाई हेतु सुझाव देते हुए शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डो में साफ-सफाई अभियान चलाकर नगर निगम द्वारा सफाई एवं स्प्रे किया जा रहा है। इसके साथ ही मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा शहरी क्षेत्र में भ्रमण कर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला में स्थिति नियंत्रण में है।

डॉ. टी.जी. कुलवेदी जिला मलेरिया अधिकारी से चर्चा उपरांत जानकारी हुई कि डेंगू के लक्षण के अनुसार तेज सिर दर्द होना, बुखार आना, हाथ एवं पैरो के जोडों में दर्द होना, बदन दर्द होना, आंखों के अन्दर दर्द होना और शरीर में चकते उभर आना, गंम्भीर मामलो में नाक एवं मुंह से खून बहना बताया गया गंभीर स्थिति उत्पन्न होने पर व्यक्ति को डेंगू शॉक सिड्रोम हो जाता है। फिर मरीजों को तत्काल भर्ती करके इलाज किया जाता है। डेंगू के रोकथाम एवं बचाव-डेंगू के इलाज हेतु कोई प्रभावी दवाई नहीं है। डेंगू के बचाव हेतु मरीजों को तरल पदार्थ दिया जाना है और साफ सफाई के साथ घर में पड़े हुए कंटेनर, टायर, कुलर से पानी निष्कासित किये जाते है ताकि डेंगू के लार्वा न पनपे। डॉ. टी.जी. कुलवेदी जिला मलेरिया अधिकारी ने आम जनताओं से अनुरोध किया है कि डेंगू से घबराए नहीं घर के आस-पास साफ-सफाई रखे और मच्छरदानी का उपयोग करे और किसी भी प्रकार की डेंगू से संबंधित जानकारी के लिये डॉ. टी.जी. कुलवेदी जिला मलेरिया अधिकारी के मोबाईल नम्बर 9425575680 से सम्पर्क करे।

## मतदाता सूची तैयार करने हेतु कार्यक्रम जारी

**रायगढ़.** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप चुनाव 2017 कराये जाने हेतु मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची तैयार करने की कार्यवाही दो चरणों में संपादित की जाएगी। जिसमें प्रथम चरण के तहत प्रारंभिक (प्रारूप)मतदाता सूची तैयार करना तथा मुद्रण कराना एवं द्वितीय चरण में प्रारंभिक प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर उसके संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090










स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931